# 24 घंटे गुजर गए, वार्ड में नहीं पहुंचे एक भी चिकित्सक

## जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न की बदहाल व्यवस्था को लेकर मरीजों व परिजनों ने दर्द किया बयां, साफ-सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे

नवभारत न्यूज


**सिंगरौली 23 अक्टूबर। नवागत कलेक्टर गौरव बैनल ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुये फटकार लगाया था। लेकिन कलेक्टर के फटकार के बाद भी जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की बदहाल व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है। 24 घंटे गुजर गये, लेकिन वार्ड में एक भी चिकित्सक मरीजो को देखने नही पहुंचे। जहां मरीजों ने अपने दर्द को बयां किया है।**

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की व्यवस्था को लेकर हमेशा सवाल उठता आ रहा है। जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई व्यवस्था के अलावा ओपीडी में चिकित्सको का न बैठना के अलावा वार्डो में जो भर्ती मरीज हैं, उन्हें देखने तक नही जाते हैं। सिर्फ स्टाफ नर्स के भरोसे भर्ती मरीजो का उपचार किया जा रहा है। अगर इन दवाओं के वजह से कोई अनहोनी हो जाती है, तो यही चिकित्सक अपनी गलती को मानने को तैयार नही होते। जिला चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था को सुधारने के लिए सिविल सर्जन और सीएमएचओ दोनों उदासीन बने हुये हैं। इन बेलगाम चिकित्सको पर न तो सिविल सर्जन का डर है और न ही सीएमएचओ का। सवाल यह भी है कि कई वर्षो से सिंगरौली में चिकित्सक जमे हैं और इन्ही चिकित्सको में से सिविल सर्जन और सीएमएचओ बना दिया जाता है। यही वजह है कि जिला चिकित्सालय के चिकित्सको पर सिविल सर्जन दबाव नही बना पा रहे हैं। सिर्फ मौखिक आदेश दिया जाता है, कोई लिखित आदेश नही जारी रहता है।

अगर सही तरीके से अस्पताल अधीक्षक अपने पद को समझे और चिकित्सालय की व्यवस्था सुधारने की पहल करे तो ऐसा नही कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्था न सुधर पाये। लेकिन कोई पहल नही की जा रही है। मनमानी तरीके से चिकित्सक आते हैं और जाते हैं। ऐसे में भर्ती मरीजो के साथ काफी नाइंसाफी हो रही है। क्योंकि आज दिन गुरूवार की दोपहर मरीजो ने बताया कि बीते बुधवार की शाम तकरीबन 4 बजे से भर्ती हूँ, लेकिन एक भी चिकित्सक वार्ड में मरीजो को देखने नही आये हैं।







### शौचालय की गंदगी बह रही गैलरी में

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के सीटीस्केन से लेकर फिजियोथेरपी गेट के बीचों-बीच जो शौचालय बनाया गया है, उसकी गंदगी गैलरी में बह रही है। हालात ऐसे हैं कि इस गैलरी से निकलना मुश्किल हो रहा है। दुर्गंध के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। यहां तक कि वार्डो में जहां मरीज भर्ती हैं, वहां भी गंदगी फैली है। यहां तक वॉसिंग जाम है, पानी नही निकल रहा है। गंदगी के चलते मरीज व उनके परिजन परेशान रहते हैं। जबकि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की सफाई व्यवस्था सेडमेप को सौपी गई है, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। लेकिन ठेकेदार के द्वारा जिला चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था नही कराई जा रही है। जिसके चलते चारों तरफ गंदगी ही गंदगी बनी हुई है। सिविल सर्जन के द्वारा न तो चिकित्सालय का निरीक्षण किया जाता है, जिसके चलते सफाई व्यवस्था बदहाल है।

### राज्यमंत्री ने भी किया था निरीक्षण, फिर भी नही सुधार

अभी दो दिन पूर्व राज्यमंत्री राधा सिंह ने जिला चिकित्सालय एक भर्ती मरीज को देखने पहुंची हुई थी। जहां राज्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। गिनती भर मरीजो से मुलाकात की। लेकिन साफ-सफाई व्यवस्था को देखना उचित नही समझा। इस तरह के आरोप कई मरीजो ने लगाया है। मरीजो का कहना है कि राज्यमंत्री का गृह जिला है और राज्यमंत्री अधिकांश समय जिला मुख्यालय में बिताती हैं, इसके बावजूद जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में कोई सुधार नही हो पा रहा है। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या होगी। कहने को तो जिला चिकित्सालय को सह ट्रामा सेंटर बनाया गया है, पर्याप्त चिकित्सक हैं, सरकार के तरफ से सभी व्यवस्थाएं की गई है, इसके बावजूद व्यवस्था को सुधरवाने में कोई दिलचस्पी नही ली जा रही है।

### इनका कहना



बेटा छत से गिर गया था, जहां पैर में कांच घुसने सर बुरी तरह से फट गया, बैढ़न से बरगवां रेफर किया गया। बीते बुधवार की शाम 6 बजे ट्रामा सेंटर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने रात को बेटे के पैर में मलहम पट्टी लगाकर इलाज किया था। लेकिन आज सुबह से कोई डॉक्टर झांकने तक नहीं आये।

**जगमती,** बरगवां पीड़ित की मां

### इनका कहना



बर्न वार्ड यूनिट में चद्दर नहीं दी गई है, शौचालय साफ नहीं होने के चलते वार्ड में दुर्गंध आ रही है, वॉश बेसिन चोक होने से गंदा पानी भरा हुआ है, जबकि शौचालय का नल टूटा होने से पानी नहीं आ रहा।

**भूपेंद्र प्रसाद पाण्डेय**
निवासी कथुरा

### इनका कहना :-

चादर की कमी है, मोटर जलने से पानी की भी समस्या है। तीन टाईम सफाई होनी चाहिए। सेडमैप की साफ-सफाई से मैं संतुष्ट नही हूँ। नोडल अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा।

**डॉ. कल्पना रवि**
सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय, बैढ़न

---

### एक नजर में



#### कांतदेव सिंह दोबारा बने बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया। जहां कांतदेव सिंह, राजकुमार को दूसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर विधायक रामनिवास शाह, राजेन्द्र मेश्राम, जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह समेत अन्य भाजपाइयों ने बधाई दी है।



#### नपानि के विशेष परिषद की बैठक आज

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के परिषद की विशेष बैठक कल दिन शुक्रवार को 11 बजे सभागार में परिषद की सभापति देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में जीएसटी में छूट समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं बसपा, कांग्रेस एवं आप के पार्षद परिषद में हंगामा करने का मन बनाया है।



#### सरई क्षेत्र में धूमधाम से मना भाईदूज का पर्व

**सरई।** स्नेह, स्नेहबंधन और पारिवारिक प्रेम का प्रतीक पर्व भाईदूज सरई क्षेत्र में बड़े ही श्रद्धा, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर स्नेह और सुरक्षा का वचन दिया। प्रात:काल से ही घरों में उत्सव का वातावरण रहा। महिलाएँ पारंपरिक परिधान धारण कर पूजन की तैयारी में जुटीं, वहीं बच्चों में भी उल्लास का माहौल देखने को मिला। तिलक-विधि के पश्चात मिठाइयों का वितरण हुआ और पारिवारिक मिलन का दृश्य पूरे क्षेत्र में आनंद घोल गया।

---



## देश कैसे आत्मनिर्भर बने और महिलाओं की विशेष भूमिका हो : रामनिवास

### आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन खम्हरिया ग्राम में आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सिंगरौली के सदर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन की विशिष्ट संगोष्ठी हुई।**

इस विशेष संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, सीडा के अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल ने की। यह सम्मेलन मुख्य रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके कौशल को निखारने एवं उनकी सशक्तीकरण की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में थी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का यह सम्मेलन समाज के हर क्षेत्र में होगा, चाहे वह युवाओं के बीच हो, चाहे व्यापारियों के बीच हो और चाहे घर-घर संपर्क हो। वहीं विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि आज की हर उस भारतीय नारी का कार्यक्रम है, जो आज आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है।

हमारा देश कैसे आत्मनिर्भर बने और उसमें महिलाओं की विशेष भूमिका हो, इस बात पर हमे मंथन करना है। सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष विनोद चौबे, प्रदीप शाह, केके कुशवाहा, जिला महामंत्री योगेंद्र द्विवेदी, विक्रम सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष कमलेश शाह, भागवत जायसवाल व महिला कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

---

## मुख्यमंत्री ने अपने वायदे को किया पूरा, जिला चिकित्सालय को दो सौ बेड की मिली सौगात : शाह

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की केबिनेट बैठक में 200 अतिरिक्त बेड की मिली मंजूरी, सिंगरौली विधायक ने सीएम एवं डिप्टी सीएम का जताया आभार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। भाजपा जो कहती है, उसे हर हाल में पूरा करती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न को 200 बिस्तर अस्पताल बढ़ाने का ऐलान किये थे। जहां आज केबिनेट की बैठक में 200 अतिरिक्त बेड की मंजूरी मिल गई। यह सिंगरौली वासियों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात है।**

उक्त बातें सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने मीडिया कर्मियों से संक्षिप्त मुलाकात के दौरान कही। विधायक ने आगे कहा कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न अभी तक 200 बेड का था। जिसके संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूर्व में मुलाकात कर जिला चिकित्सालय को 400 बेड का बनाये जाने की मांग की गई थी और मुख्यमंत्री ने जिले के प्रवास के दौरान एनसीएल ग्राउंड बिलौंजी में घोषणा की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केबिनेट के बैठक में 200 बेड बढ़ाने की मंजूरी दे दिये हैं। यह सिंगरौली वासियों के लिए एक सौगात है। इतना ही नही प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने सिंगरौली के अलावा टीकमगढ़, नीमच, श्योपुर एवं डिंडोरी जिला अस्पतालों में बेड की संख्या 1 हजार से 1800 करते हुये 810 नये मेडिकल स्टाफ पद सृजन के ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। जन कल्याण के लिए यह सराहनीय कदम है। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि भी है।

विधायक ने आगे कहा कि भाजपा सरकार में विकास की गति बढ़ी है। जिला मुख्यालय बैढ़न इसका उदाहरण है। इसके पूर्व परसौना बाईपास की भी मंजूरी मिल चुकी है। डीपीआर बनाने का काम जारी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बरगवां, परसौना, रजमिलान, माड़ा को फोरलेन सड़क बनाने का ऐलान सरई में प्रवास के दौरान किये थे। जिसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

आगे आने वाले दिनों में उक्त सड़क मार्ग फोरलेन होगी। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के प्रति कृतज्ञता जाहिर किये और कहा कि आगे आने वाले दिनों में सिंगरौली, वाराणसी समेत अन्य शहरों से हवाई सेवा से जुड़ेगा, इस पर भी काम तेजी से चल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सिंगरौली के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

---

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 23 अक्टूबर। सतर्कता आयोग भारत सरकार एवं केन्द्रीय सतर्कता कार्यालय एनटीपीसी लिमिटेड के निर्देशानुसार विंध्याचल परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।**



इसी क्रम में एनटीपीसी विंध्याचल के सतर्कता विभाग द्वारा सीएसआर के सौजन्य से विभिन्न स्थानों बैढ़न बस स्टैंड, इंद्रा चौक, मटवई गेट, तेलगंवा मार्केट एवं एनएच-3 आदि स्थानों में भ्रष्टाचार उन्मूलन से संबन्धित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उक्त नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को भ्रष्टाचार उन्मूलन से संबन्धित सतर्कता जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया एवं आसपास हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के सौजन्य से सतर्कता जागरूकता पर आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन पर किए गए नाटक मंचन को काफी सराहा गया।

---



## रेणुसागर में श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा आयोजित

नवभारत न्यूज

**अनपरा 23 अक्टूबर।** रेणुसागर चित्रांश परिवार द्वारा फोनिक्स क्लब प्रेक्षागृह में श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा-अर्चना बड़े ही धार्मिक उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के चित्रांश समाज के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूजा का शुभारंभ मुकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सभासद प्रथम श्रीवास्तव अधिसूदन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

## माड़ा पुलिस ने अवैध गिट्टी परिवहन करते ट्रिपर वाहन को किया जब्त

### चेकिंग के दौरान जीर तरफ से जा रहा था ट्रक, चालक के पास नहीं थे दस्तावेज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। माड़ा थाना क्षेत्र के कस्बा माड़ा में बीते दिन बुधवार को चेकिंग के दौरान अवैध तरीके से गिट्टी लोड एक टिपर वाहन परिवहन करते पकड़ा गया है। जिसपर माड़ा पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है।**



जानकारी के अनुसार बीते दिन बुधवार को हमराह प्रआर तेज प्रताप टांडिया, गणेश रावत, आर आविद कुरैशी के वाहन चेकिंग कार्यवाही के लिए कस्बा माड़ा एवं सम्पूर्ण थाना क्षेत्र माड़ा रवाना हुआ था। चेकिंग के दौरान टिपर वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 1219 अवैध तरीके से फूल बाडी लोड गिट्टी का परिवहन करते हुये जीर तरफ जा रहा था, जिसे स्टाफ की मदद से रोक चालक टिंकू केवट पिता उदयकरन केवट उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जरहा से टीपी मांगा, उसके पास मौके पर कागजात नही था। पुलिस ने उक्त वाहन को जप्त कर आरोपी चालक का कृत्य धारा 303(2),317(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ट्रक वाहन को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री के निर्देश एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी माड़ा शिवपूजन मिश्रा, उनि बालेन्द्र त्यागी, प्रआर तेजप्रताप टांडिया, गणेश रावत, आर आविद कुरैशी, सुन्दर कास्दे की सराहनीय भूमिका रही।

---

## सड़क सुरक्षा में 7 लाख से अधिक रुपए की चालानी कार्रवाई की गई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। आरटीओ विक्रम सिंह राठौर के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता अभियान निरंतर जारी है।**

चेक प्वाइंट टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अभियान में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और पारदर्शिता का वातावरण बनाया जा सका। सड़क सेफ्टी इंफोर्समेंट टीम ने विभिन्न चेक प्वाइंटों पर भ्रमण कर यातायात



नियमों का उल्लंघन व अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की है। मालवाहक वाहन, टैक्सी पासिंग गाड़ियाँ एवं यात्री बसों में ओवरलोड व बिना अनुमति परिवहन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई, जिससे सरकारी राजस्व की वसूली भी की गई है। ऑफ लाइन चालान अभी तक 1 लाख 35 हजार 800 रूपये एकत्रित किये गए है और ऑनलाइन चालान 6 लाख 6 हजार 500 रूपये समेत कुल राजस्व 7 लाख 42 हजार 300 रुपये की हैं।

---

## कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों को मिला कम्प्यूटर

### सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बैढ़न में दीपावली मनाने गए थे कलेक्टर, बच्चों ने मांगा था कम्प्यूटर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। कलेक्टर गौरव बैनल ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बैढ़न नव प्रवाह समिति द्वारा संचालित छात्रावास के दिव्यांग बच्चो के कंप्यूटर कौशल के विकास एवं बच्चों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए तीन नग कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया।**



दीपावली के शुभ अवसर पर कलेक्टर ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बैढ़न के दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया था। छात्रावास के बच्चों से मुलाकात के दौरान बच्चों द्वारा कलेक्टर से कंप्यूटर सीखने की जिज्ञासा व्यक्त की गई थी। बच्चों की मांग को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराने के निर्देशित किया। जिस पर आज छात्रावास में तीन नग कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है। कंप्यूटर उपलब्ध होने के बाद दिव्यांग बच्चों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता जाहिर की गई, उन्होंने कहा कि अब हम भी कंप्यूटर के संबंध में ज्ञान हासिल कर अपने कौशल को बेहतर बना सकेंगे।

---

## झिंगुरदा में विद्युत तारों की चोरी करने वाले 7 आरोपी धराए

### 40 हजार का 600 मीटर तार बरामद, दिवाली की रात के समय चोरों ने घटना को दिया था अंजाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 अक्टूबर। दीपावली की रात झिंगुरदा स्थित शिमला कॉलोनी से बिजली के खंबों पर चालू हालत में लगे विद्युत तारों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिससे क्षेत्र में अंधेरा फैल गया था। पुलिस ने तफ्तीश कर 7 आरोपियों को दबोचते हुये उनके कब्जे से 600 मीटर बिजली एवं एल्यूमिनियम तार बरामद करते हुये गिरफ्तार कर लिया है।**



बीते मंगलवार को झिंगुरदा सिक्योरिटी अधिकारी अमरेश सिंह द्वारा थाना मोरवा में उक्त चोरी की तहरीर दर्ज कराई गई। जिसपर वरिष्ठ अधिकारियों की निर्देश प्राप्त कर मोरवा थाना प्रभारी यूपी सिंह द्वारा तत्काल अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जिसके बाद अज्ञात चोरों की पता तलाश की जाने लगी और चोरी के 48 घण्टे के भीतर इस अपराध में लगे चोरों को मोरवा के चटका से धर दबोचा गया। वहीं चोरों के निशान देही पर चोरी का 600 मीटर बिजली का तार कीमत करीब 40 हजार रुपये बरामद कर लिया गया। चोरी करने वाले 7 आरोपियों में अभिमन्यु बैस, विकास बैस, अजय बैस निवासी चटका बस्ती सहित अन्य 4 बाल अपचारी हैं। सभी 7 आरोपियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है।